**जन प्रतिनिधियों को संसद से लेकर पंचायत तक जन आंदोलनों के द्वारा थैलेसीमिया की रोकथाम के प्रयास करने चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष**

...

**सामूहिक प्रयासों से थैलेसीमिया मुक्त भारत का संकल्प पूरा होगा: लोक सभा अध्यक्ष**

...

**लोक सभा अध्यक्ष ने सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित विश्व थैलेसीमिया दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित किया**

...

**नई दिल्ली; 09 मई, 2023:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली में आयोजित विश्व थैलेसीमिया दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने अस्पताल के संस्थापक सर गंगाराम को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अस्पताल के कार्यों की सराहना की।

अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस (आईटीडी) 2023 के विषय 'बी अवेयर, शेयर, केयर: स्ट्रेन्थनिंग एजुकेशन टू ब्रिज दि थैलेसीमिया केयर गैप' का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह विषय भविष्य में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी देता है और पीड़ित लोगों और उनकी देख-रेख करने वाले चिकित्सकों के लिए थैलेसीमिया के बारे में अद्यतन जानकारी सुलभ कराने पर बल देता है।

थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता पर बल देते हुए श्री बिरला ने कहा कि जन प्रतिनिधियों को संसद से लेकर पंचायत तक हर स्तर पर सामूहिक प्रयासों से जन आंदोलन कर थैलेसीमिया की रोकथाम के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इन प्रयासों से ही थैलेसीमिया मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो पाएगा। आम जनमानस के बीच जागरूकता के आभाव के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सामूहिक प्रयासों से जन जन तक थैलेसीमिया की जानकारी पंहुचा कर इस गंभीर बीमारी के रोकथाम के प्रयास किए जाने चाहिए। रक्तदान का ज़िक्र करते हुए श्री बिरला ने कहा कि शिक्षा और सामूहिक प्रयासों से लोगों ने रक्तदान का महत्त्व समझा जिससे आम जनमानस को लाभ मिल सका। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार सामूहिक इच्छा शक्ति और जन आंदोलन की सहायता से थैलेसीमिया की चुनौती से भी निपटा जा सकता है।

रिसर्च और इनोवेशन का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वैज्ञानिक शोध से गंभीर बिमारियों के इलाज के विषय में रोज़ नई जानकारियां मिलती हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिसीज़ स्क्रीनिंग से समय रहते बिमारियों का पता चलता है और सही समय पर इलाज आरम्भ किया जा सकता है। श्री बिरला ने स्क्रीनिंग पर ज़ोर देते हुए कहा कि जन प्रतिनिधियों, अस्पतालों और आम लोगों को समय समय पर विभिन्न स्थानों पर स्क्रीनिंग शिविर स्थापित कर थलेसिमिया जैसी गंभीर बीमारी के रोकथाम और इलाज के प्रयास करने चाहिए।

इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे।